औद्योगिक संगठनों के प्रमुखों के बीच बोले मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने का महाभियान शुरू हो गया है। राज्य सरकार प्रदेश में निवेश का उत्तम वातावरण सृजित करने के लिए शुरू से ही प्रयासरत रही है। जिसके फलस्वरूप पिछले तीन सालों में बहुत कुछ बदला है, बदलाव की यह प्रक्रिया जारी है। बेहतर कानून व्यवस्था, सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए नई औद्योगिक नीति का नतीजा है कि हम राष्ट्रीय स्तर पर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में 12वें पायदान से नम्बर दो पर आ चुके हैं। बदले माहौल और नीतियों का असर फरवरी 2018 की इन्वेस्टर समिट में भारी निवेश के रूप में दिखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बातें सोमवार को उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की बैठक में कहीं। फिक्की, एसोचैम, सीआईआई, लघु उद्योग भारती और आईआईए जैसे औद्योगिक संगठनों के प्रमुखों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को निवेशक फ्रेंडली बनाने के लिए उठाये गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि सरकार ने लगभग 20 हजार एकड़ से अधिक का लैंड बैंक तैयार किया है। राज्य सरकार एक व्यापक लैंड बैंक नीति बना रही है, जिसमें **(शेष पेज 9)**

उद्योगों के लिये भू-उपयोग परिवर्तन की दरें घटी (पेज 2)